# हिन्दी साहित्य : मुख्य तथ्य

## J काव्य

### 1. आदिकाल ( 650 ई०-1350 ई० )

- हिन्दी साहित्येतिहास के विभिन्न कालों के नामकरण का प्रथम श्रेय जार्ज ग्रियर्सन को है।
- हिन्दी साहित्येतिहास के आरंभिक काल के नामकरण का प्रश्न विवादास्पद है। इस काल को ग्रियर्सन ने 'चारण काल' मिश्र बंधु ने 'प्रारंभिक काल', महावीर प्रसाद द्विवेदी ने 'बीज वपन काल', शुक्ल ने 'आदिकाल: वीर गाथाकाल', राहुल सांकृत्यायन ने 'सिद्ध—सामंत काल', हजारी प्रसाद द्विवेदी ने 'आदिकाल' की संज्ञा दी है।
- आदिकाल में तीन प्रमुख प्रवृत्तियाँ मिलती हैं—धार्मिकता, वीरगाथात्मकता व श्रृंगारिकता।
- आदिकाल में दो शैलियाँ मिलती हैं डिंगल व पिंगल। डिंगल शैली में कर्कश शब्दावलियों का प्रयोग होता है जबकि पिंगल शैली मे कर्णप्रिय शब्दावलीयों की। कर्कश शब्दावलियों के कारण डिंगल शैली अलोकप्रिय होती चली गई। जबकि कर्णप्रिय शब्दावलियों के कारण पिंगल शैली लोकप्रिय होती चली गई और आगे चलकर इसका ब्रजभाषा में विगलन हो गया।

## J आदिकालीन रचना एवं रचनाकार

| रचना | रचनाकार |
|---|---|
| पृथ्वीराज रासो (शुक्ल के अनुसार-हिन्दी का प्रथम महाकाव्य) | चंदबरदाई |
| हम्मीर रासो | शार्ङ्गधर |
| खुमाण रासो | दलपति विजय |
| परमाल रासो | जगनिक |
| विजयपाल रासो | नल्ह सिंह भाट |
| बीसल देव रासी | नरपति नाल्ह |
| सिद्ध हेमचन्द्र शब्दानुशासन | हेमचंद्र |
| पदावली (मैथिली में), कीर्तिलता व कीतिपताका (अवहट्ट में), लिखनावली (संस्कृत में) | विद्यापति |

## J पूर्व मध्य काल / भक्ति काल (1350 ई०-1650 ई०)

- भक्ति काल को 'हिन्दी साहित्य का स्वर्ण काल' कहा जाता है।
- भक्ति काल के उदय के बारे में सबसे पहले जार्ज ग्रियर्सन ने मत व्यक्त किया। वे इसे 'ईसायत की देन' मानते हैं।
- भक्ति काव्य की दो काव्य धाराएँ हैं—निर्गुण काव्य-धारा व सगुण काव्य-धारा।
- निर्गुण काव्य-धारा की दो शाखाएँ हैं—ज्ञानाश्रयी शाखा/संत काव्य वे प्रेमाश्रयी शाखा/सूफी काव्य। संत काव्य के प्रतिनिधि कवि कबीर हैं व सूफी काव्य के प्रतिनिधि कवि जायसी हैं।
- सगुण काव्य-धारा की दो शाखाएँ हैं—कृष्णाश्रयी शाखा/कृष्ण भक्ति काव्य व रामाश्रयी शाखा/राम भक्ति काव्य के प्रतिनिधि कवि सूरदास हैं व राम भक्ति काव्य के प्रतिनिधि कवि तुलसी दास हैं।

## J पूर्व-मध्यकालीन / भक्तिकालीन रचना एवं रचनाकार

| | |
|---|---|
| बीजक (1. रमैनी 2. सबद 3. साखी; संकलन-धर्मदास) | कबीरदास (निर्गुण पंथ के प्रवर्तक) |
| हंसावली | असाइत |
| रूप मंजरी | नंद दास |
| सत्यवती कथा | ईश्वर दास |
| सूरसागर, सूरसरावली, साहित्य लहरी, भ्रमरगीत (सूरसागर से संकलित अंश) | सूरदास |
| परमानंद सागर | परममानंद दास |
| रनसी जी का मायरा, गीत गोविंद टीका, राग गोविंद, राग सोरठ के पद | मीराबाई |
| सुदामा चरित | नरोत्तमदास |
| रामाष्टयाम, राम भजन मंजरी | अग्र दास |
| रामचरित मानस (प्र०), गीतावली, कवितावली, विनयपत्रिका, दोहावली, कृष्ण गीतावली, पार्वती मंगल, जानकी मंगल, बरवै रामायण (प्र०), रामाज्ञा प्रश्नावली, वैराग्य संदीपनी, राम लला नहछू | तुलसीदास |
| रुक्मिणी मंगल, छप्पय नीति, कवित्त संग्रह | महापात्र नरहरि |
| कविप्रिया, रसिक प्रिया, वीर सिंह देव चरित (प्र०), विज्ञान गीता, रतनबावनी, जहाँगीर जस चंद्रिका | केशव दास |

| 'अष्टछाप' के कवि | |
|---|---|
| बल्लभाचार्य के शिष्य | 1. सूरदास 2. कुंभन दास, 3. परमानंद दास 4.कृष्ण दास |
| विट्ठलनाथ के शिष्य | 5. छीत स्वामी, 6. गोविंद स्वामी, 7. चतुर्भुज दास, 8. नंद दास |

## J उत्तर-मध्यकाल / रीतिकाल (1650 ई०-1850 ई)

- नामकरण की दृष्टि से उत्तर-मध्यकाल विवादास्पद है। इसे मिश्र बंधु ने 'अलंकृत काल', रामचन्द्र शुक्ल ने 'रीतिकाल' और विश्वनाथ प्रसाद मिश्र ने 'श्रृंगार काल' कहा है।
- रीतिकाल की दो मुख्य प्रवृत्तियां थीं—
  1. रीति निरूपण 2. श्रृंगारिकता।

## J उत्तर-मध्यकालीन / रीतिकालीन रचना एवं रचनाकार

| उत्तर-मध्यकालीन/रीतिकालीन रचना | रचनाकार |
|---|---|
| विवेक, श्रृंगार मंजरी, छंद विचार | चिंतामणि |
| काव्य निर्णय, श्रृंगार निर्णय | भिखारी दास |
| रस भूषण | याकूब खाँ |
| रस रहस्य | कुलपति मिश्र |
| सुजान हित प्रबंध, वियोग बेलि, इश्कलता, प्रीति पावस, पदावली | घनानन्द |
| हम्मीर रासो | जोधराज |
| शिवराज भूषण, शिवा बावनी, छत्रसाल दशक | भूषण |

## आधुनिक काल (1850 ई०-अब तक)

- **भरतेन्दु युग (1850 ई०-1900 ई०)**
- **द्विवेदी युग (1900 ई०-1920 ई०)**
- **छायावाद युग (1918 ई-1936 ई०)**
- **प्रगतिवाद (1936 ई० से... अब तक)**

## वस्तुनिष्ठ प्रश्न

**1.** हिन्दी साहित्य के आरंभिक काल को आचार्य रामचन्द्र शुक्ल ने क्या कहा है?
(a) आदि काल (b) चारण काल
(c) वीरगाथा काल (d) सिद्ध-सामंत काल

**2.** वीरगाथा काल का कवि नहीं है—
(a) चन्दबरदाई (b) नामदेव
(c) जगनिक (d) मधुकर

**3.** वीरगाथा काल के सर्वश्रेष्ठ कवि माने जाते हैं—
(a) चन्दबरदाई (b) जगनिक
(c) दलपति विजय (d) विद्यापति

**4.** 'पृथ्वीराज रासो' के रचनाकार हैं—
(a) जयदेव (b) चन्दबरदाई
(c) जगनिक (d) विद्यापति

**5.** कबीरदास की भाषा थी—
(a) ब्रज (b) कन्नौजी (c) सधुक्कड़ी (d) खड़ी बोली

**6.** कटकटान कपि कुंजर भारी।
दुहु भुजदंड तमकि महिमारी।।
डोलत धरनि सभापद खसे।
चले भाजि भय मारूत ग्रसे।।
प्रस्तुत पंक्तियों के रचयिता हैं—
(a) तुलसीदास (b) जायसी
(c) देव (d) नूर मोहम्मद

**7.** नयन जो देखा कमल-सा निरमल नीर सरीर।
हंसत जो देखा हंस भा दसन ज्योति नगहीर।।
प्रस्तुत पंक्तियों के रचयिता हैं—
(a) तुलसीदास (b) जयशंकर प्रसाद
(c) जायसी (d) कबीरदास

**8.** 'शिवा बावनी' के रचनाकार हैं—
(a) पद्‌माकर (b) भूषण
(c) केशवदास (d) जगनिक

**9.** नर की और नल नीर की गति एकै करि जोय।
जेतो नीचो हे चले तेतो ऊँचो होय।।
प्रस्तुत पंक्तियों के रचयिता हैं—
(a) तुलसीदास (b) महावीर प्रसाद द्विवेदी
(c) बिहरीलाल (d) केशवदास

**10.** सखि वे मुझसे कह कर जाते।
प्रस्तुत पंक्ति के रचयिता हैं—
(a) अज्ञेय (b) मैथिली शरण गुप्त
(c) हरिऔध (d) जयशंकर प्रसाद

**11.** हिन्दी कविता को छंदों की परिधि से मुक्त कराने वाले थे—
(a) सुमित्रानंदन पंत (b) जयशंकर प्रसाद
(c) महादेवी वर्मा (d) सूर्यकांत त्रिपाठी 'निराला'

**12.** 'तितली' किसकी रचना है?
(a) जयशंकर प्रसाद (b) आचार्य रामचन्द्र शुक्ल
(c) श्याम सुन्दर दास (d) आचार्य महावीर प्र० द्विवेदी

**13.** 'अतीत के चलचित्र' के रचयिता हैं—
(a) जयशंकर प्रसाद (b) सूर्यकांत त्रिपाठी 'निराला'
(c) महादेवी वर्मा (d) सुमित्रानंदन पंत

**14.** 'पल्लव' के रचयिता हैं—
(a) सुमित्रानंदन पंत (b) निराला
(c) जयशंकर प्रसाद (d) महादेवी वर्मा

**15.** 'चिन्तागणि' के रचयिता हैं—
(a) जयशंकर प्रसाद (b) महावीर प्रसाद द्विवेदी
(c) रामचन्द्र शुक्ल (d) हरिऔध

**16.** 'जनमेजय का नागयज्ञ' किसकी कृति हैं?
(a) सेठ गोविन्द दास (b) जयशंकर प्रसाद
(c) लक्ष्मी नारायण लाल (d) गोविन्द वल्लभ पंत

**17.** हम दीवानों की क्या हस्ती हैं आज यहाँ कल वहाँ चले।
मस्ती का आलम साथ चला, हम धूल उड़ाते जाहँ चले।।
प्रस्तुत पंक्तियों के रचयिता हैं—
(a) सियारामशरण गुप्त (b) भगवती चरण वर्मा
(c) सुभद्रा कुमारी चौहान (d) रामधारी सिंह 'दिनकर'

**18.** निम्नलिखित में सबसे पहले अपनी आत्मकथा हिन्दी में किसने लिखी?
(a) श्याम सुन्दर दास (b) सेठ गोविन्द दास
(c) जवाहर लाल नेहरू (d) राजेन्द्र प्रसाद

**19.** अबला जीवन हाय तुम्हारी यही कहानी,
आँचल में है दूध और आँखो में पानी।
उपर्युक्त पंक्तियाँ किस काव्य की हैं?
(a) कामायनी (b) साकेत
(c) यशोधरा (d) आँसू

**20.** हिमालय के आँगन में उसे प्रथम किरणों की दे उपहार, उषा ने हँस अभिवादन किया और पहनाया हीरे का हार। प्रस्तुत पंक्तियों के रचयिता हैं—
(a) रामधारी सिंह 'दिनकर' (b) माखन लाल चतुर्वेदी
(c) जयशंकर प्रसाद (d) मैथिली शरण गुप्त

**21.** आंचलिक रचनाएँ किससे संबंधित होती हैं?
(a) देश विशेष से (b) लोक विशेष से
(c) क्षेत्र विशेष से (d) जाति विशेष से

**22.** निर्गुण भक्ति काव्य का प्रमुख कवि है?
(a) सूरदास (b) तुलसीदास
(c) कबीरदास (d) केशवदास

**23.** 'श्रद्धा' किस कृति की नायिका है?
(a) कामायनी (b) कुरुक्षेत्र
(c) रामायण (d) साकेत

**24.** तरुवर फल नहिं खात है, सरवर पियहिं न पान।
प्रस्तुत पंक्ति के रचयिता हैं—
(a) रहीम (b) कबीरदास (c) रसखान (d) बिहारी

**25.** तरनि-तनूजा-तट तमाल तरुवर बहु छाए।
प्रस्तुत पंक्ति के रचयिता हैं—
(a) भारतेन्दु हरिश्चन्द्र (b) रामधारी सिंह 'दिनकर'
(c) माखनलाल चतुर्वेदी (d) राम नरेश त्रिपाठी

**26.** बुँदले हरबोलों के मुँह हमने सुनी कहानी थी।
खूब लड़ी मर्दानी वह तो झाँसी वाली रानी थी।
प्रस्तुत पंक्तियों के रचयिता हैं—
(a) सत्यनारायण पाण्डेय (b) मैथिलीशरण गुप्त
(c) सुभद्रा कुमारी चौहान (d) महादेवी वर्मा

**27.** मुझे तोड़ लेना वनमाली उस पथ में दोना तुम फेंक मातृभूमि पर शीश चढझने जिस पथ जावें वीर अनेक।।
प्रस्तुत पंक्तियों के रचयिता हैं—
(a) सत्यनारायण पाण्डेय (b) सोहन लाल द्विवेदी
(c) बालकृष्ण शर्मा 'नवीन' (d) माखन लाल चतुर्वेदी

**28.** दरवाजे से चंडालगढ़ी की तरफ नजर दौड़ाने पर एक अद्‌भुत दृश्य दिखाई देता था।—इस पंक्ति के रचनाकार हैं :
(a) राहुल सांकृत्यायन (b) रामचन्द्र शुक्ल
(c) जवाहर लाल नेहरू (d) डॉ० राजेन्द्र प्रसाद

**29.** भूषण की कविता का प्रधान स्वर है—
(a) व्यंग्यात्मक (b) प्रशस्तिपरक
(c) श्रृंगारिक (d) कारुणिक

**30.** अपभ्रंश में कृष्ण काव्य के प्रणेता हैं—
(a) पुष्पदन्त (b) शालिभद्र सूरि
(c) स्वयंभू (d) हरिभद्र सूरि

**31.** प्रथम सूफी प्रेमाख्यानक काव्य के रचयिता हैं—
(a) नूर मुहम्मद (b) जायसी
(c) मुल्ला दाऊद (d) कुतबन

**32.** हिन्दी के प्रथम गद्यकार हैं—
(a) राजा शिवप्रसाद 'सितारेहिन्द' (b) लल्लूलाल
(c) भारतेन्दु हरिश्चन्द्र (d) बालकृष्ण भट्ट

**33.** हिन्दी के सर्वप्रथम प्रकाशित पत्र का नाम हैं—
(a) सम्मेलन पत्रिका (b) उतण्ड मार्तण्ड
(c) सरस्वती (d) नागरी प्रचारिणी पत्रिका

**34.** छायावाद के प्रवर्तक का नाम है—
(a) सुमित्रानंदन पंत (b) श्रीधर पाठक
(c) मुकुटधर पांडेय (d) जयशंकर प्रसाद

**35.** 'प्रगतिवाद उपयोगितावाद का दूसरा नाम है।'—यह कथन किसका है?
(a) राम विलास शर्मा (b) प्रेमचंद
(c) नन्द दुलारे बाजपेयी (d) सुमित्रानंदन पंत

**36.** प्रेमचन्द के अधूरे उपन्यास का नाम है
(a) गबन (b) रंगभूमि (c) मंगलसूत्र (d) सेवासदन

**37.** रामधारी सिंह 'दिनकर' को भारतीय ज्ञानपीठ पुरस्कार प्राप्त हुआ था—
(a) 'रश्मिरथी' पर (b) 'परशुराम की प्रतीक्षा' पर
(c) 'कुरुक्षेत्र' पर (d) 'उर्वशी' पर

**38.** हिन्दी साहित्य के इतिहास के सर्वप्रथम लेखक का नाम है
(a) जार्ज ग्रियर्सन (b) शिवसिंह सेंगर
(c) आचार्य रामचन्द्र शुक्ल (d) गार्सा द तासी

**39.** 'पद्‌मावत' किसकी रचना है?
(a) नाभादास (b) केशवदास
(c) तुलसीदास (d) जायसी

**40.** 'बैताल पचीसी' के चनाकार हैं—
(a) लल्लूलाल (b) सदल मिश्र
(c) नाभा दास (d) सूरति मिश्र

**41.** 'सुहाग के नूपुर' के रचियिता हैं—
(a) निराला (b) मोहन राकेश
(c) अमृत लाल नागर (d) प्रेमचन्द

**42.** 'संस्कृति के चार अध्याय' किसकी रचना है?
(a) रामधारी सिंह 'दिनकर' (b) भगवती चरण वर्मा
(c) माखनलाल चतुर्वेदी (d) सुभद्रा कुमारी चौहान

**43.** 'अशोक के फूल' (निबंध-संग्रह) के रचनाकार हैं—
(a) कुबेरनाथ राय (b) गुलाब राय
(c) रामचन्द्र शुक्ल (d) हजारी प्र० द्विवेदी

**44.** 'झरना' (काव्य-संग्रह) के रचयिता हैं—
(a) सोहन लाल द्विवेदी (b) महादेवी वर्मा
(c) जयशंकर प्रसाद (d) सुभद्रा कुमारी चौहान

**45.** 'भारत भारती' (काव्य) के रचनाकार है—
(a) गोपालशरण सिंह 'नेपाली' (b) नरेश मेहता
(c) मैथिलीशरण गुप्त (d) धर्मवीर भारती

**46.** 'दोहाकोश' के रचयिता हैं—
(a) लुइपा (b) जोइन्दु (c) सरहपा (d) कण्हपा

**47.** 'प्रेमसागर' के रचनाकार हैं—
(a) सदल मिश्र (b) उसमान
(c) लल्लूलाल (d) सुन्दर दास

**48.** 'पंच परमेश्वर' (कहानी) के लेखक हैं—
(a) रामधारी सिंह 'दिनकर' (b) प्रेमचन्द
(c) मैथिलीशरण गुप्त (d) सुमित्रानंदन पंत

**49.** 'तोड़ती पत्थर' (कविता) के कवि हैं
(a) सुभद्रा कुमारी चौहान (b) महादेवी वर्मा
(c) सूर्यकान्त त्रिपाठी 'निराला' (d) माखन लाल चतुर्वेदी

**50.** 'हार की जीत' (कहानी) के कहानीकार हैं
(a) सुदर्शन (b) यादवेन्द्र शर्मा 'चन्द्र'
(c) कमलेश्वर (d) रांगेय राघव

**51.** 'रानी केतकी की कहानी' के रचयिता हैं
(a) वृन्दावन लाल वर्मा (b) किशोरी लाल गोस्वामी
(c) माधव राव सप्रे (d) इंशा अल्ला खाँ

**52.** 'शिव शांभु के चिट्ठे' से संबंधित रचनाकार हैं
(a) बाबू तोता राम (b) केशव राम भट्ट
(c) अम्बिका दत्त व्यास (d) बाल मुकुन्द गुप्त

**53.** 'रसिक प्रिया' के रचयिता हैं—
(a) मलूक दास (b) बिहारी लाल
(c) दादू दयाल (d) केशव दास

**54.** 'कुटज' के रचयिता हैं—
(a) शांति प्रिय द्विवेदी (b) हजारी प्रसाद द्विवेदी
(c) कुबेरनाथ राय (d) विद्या निवास मिश्र

**55.** 'आँसू' (काव्य) के रचनाकार हैं—
(a) सुमित्रानंदन पंत (b) सूर्यकान्त त्रिपाठी 'निराला'
(c) जयशंकर प्रसाद (d) मैथिलीशरण गुप्त

**56.** चन्दन विष व्यापन नहीं, लिपटे रहत भुजंग—
प्रस्तुत पंक्ति के रचयिता हैं—
(a) सूरदास (b) कबीर (c) बिहारी (d) रहीम

**57.** अमिय हलाहल, मदभरे, सेत स्याम, रतनार।
जियत, मरत, झुकि-झुकि परत जेहि चितवत इक बार।।
पुस्तुत पंक्तियों के रचयिता हैं—
(a) आलम (b) रसलीन (c) बिहारी (d) मतिराम

**58.** जब-जब होय धर्म की हानी, बाढ़ै असुर अधम अभिमानी।
प्रस्तुत पंक्ति के रचनाकार हैं—
(a) रसखान (b) तुलसी (c) बिहारी (d) कबीर

**59.** परहित सरिस धर्म नहि भाई, परपीड़ा सम नहिं अधमाई। प्रस्तुत पंक्ति किसकी है?
(a) रसखान (b) तुलसी (c) बिहारी (d) मीरा

**60.** रक्त है? या है नसों में क्षुद्र पानी,
जाँच कर तू सीस दे देकर जवानी।
प्रस्तुत पंक्तियों के रचयिता हैं—
(a) माखनलाल चतुर्वेदी (b) रामधारी सिंह 'दिनकर'
(c) बालकृष्ण शर्मा 'नवीन' (d) सुभद्रा कुमारी चौहान

**61.** दिवसावसान का समय
मेघमय आसमान से उतर रही है
वह संध्या सुन्दरी परी सी
धीरे-धीरे-धीरे।
प्रस्तुत पंक्तियों के रचनाकार हैं—
(a) महादेवी वर्मा (b) सुमित्रानंदन पंत
(c) रामधारी सिंह 'दिनकर' (d) सूर्यकांत त्रिपाठी 'निराला'

**62.** साँच बराबर तप नहीं, झूठ बराबर पाप।
इस पंक्ति के रचयिता हैं—
(a) कबीर (b) जायसी (c) मीरा (d) रसखान

**63.** 'अष्टछाप' के सर्वश्रेष्ठ भक्त कवि के रूप में ... का नाम लिया जाता है।
(a) कुंभनदास (b) सूरदास
(c) परमानंद दास (d) कृष्ण दास

**64.** 'राम चरित मानस' की भाषा क्या है?
(a) भोजपुरी (b) प्राकृत (c) ब्रजभाषा (d) अवधी

**65.** भूषण किस रस के कवि थे?
(a) रौद्र रस (b) करुण रस (c) वीर रस (d) शृंगार रस

**66.** 'हिन्दी का आदि कवि' किसे माना जाता है?
(a) अब्दुर रहमान (b) सरहपा
(c) स्वयंभू (d) पुष्पदंत

**67.** 'राम चरित मानस' में कितने काण्ड हैं?
(a) 4 (b) 5 (c) 7 (d) 8

**68.** निम्नलिखत मे कौन-सा एक व्यंग्य लेखक है?
(a) श्याम सुन्दर दास (b) विद्या निवास मिश्र
(c) राहुल सांकृत्यायन (d) हरिशंकर परसाई

**69.** 'आपका बंटी' रचना की प्रधान समस्या को उजागर करने वाले विकल्प को चुनिए—
(a) राजनीतिक समस्या (b) मनोवैज्ञानिक समस्या
(c) शिक्षा समस्या (d) तलाक से जुड़ी बाल समस्या

**70.** हिन्दी पत्रिका 'कादम्बिनी' के संपादक कौन हैं?
(a) राजेन्द्र अवस्थी (b) रमेश बक्षी
(c) राजेन्द्र यादव (d) दुर्गा प्रसाद शुक्ल

**71.** 'दिनकर' किस रस के कवि माने जाते हैं?
(a) रौद्र रस (b) करुण रस (c) वीर रस (d) शृंगार रस

**72.** 'निराला' को कैसी कवि माना जाता है?
(a) अवसरवादी (b) क्रांतिकारी
(c) पलायनवादी (d) भाग्यवादी

**73.** निम्नलिखित में कौ-सा एक उपन्यास जैनेन्द्र रचित है?
(a) पुनर्नवा (b) परख
(c) सेवासदन (d) एकदा नैमिषारण्ये

**74.** हिन्दी गद्य का जन्मदाता किसको माना जाता है?
(a) प्रताप नारायण मिश्र (b) महावीर प्र० द्विवेदी
(c) भारतेन्दु हरिश्चन्द्र (d) बालकृष्ण भट्ट

**75.** कवि कालिदास की 'अभिज्ञान शाकुन्तलम' का हिन्दी अनुवाद किसने किया?
(a) सदासुख लाल (b) गोस्वामी विट्ठलनाथ
(c) राजा शिवप्रसाद (d) राजा लक्ष्मण सिंह

**76.** किस काल को स्वर्णकाल कहा जाता है?
(a) रीति काल (b) भक्ति काल
(c) आदि काल (d) आधुनिक काल

**77.** सूरदास के गुरु कौन थे?
(a) रामानंद (b) मध्वाचार्य
(c) रामदास (d) बल्लभाचार्य

**78.** 'कामायनी' किस प्रकार का ग्रंथ है?
(a) खण्ड काव्य (b) मुक्तक काव्य
(c) महाकाव्य (d) चम्पू काव्य

**79.** 'गागर में सागर' भरने का कार्य किस कवि ने किया है?
(a) बिहारी (b) रसखान (c) घनानंद (d) सूरदास

**80.** 'महाभोज' रचना की प्रधान समस्या को उजागर करने वाले विकल्प को चुनिए—
(a) भ्रष्टाचार की समस्या (b) नारी समस्या
(c) राजनीतिक समस्या (d) मनोवैज्ञानिक समस्या

**81.** 'महाभोज' रचना की प्रधान समस्या को उजागर करने वाले विकल्प को चुनिए—
(a) भ्रष्टाचार की समस्या (b) नारी समस्या
(c) राजनीतिक समस्या (d) मनोवैज्ञानिक समस्या

**82.** 'तोड़ती पत्थर' कैसी कविता है?
(a) व्यंग्यपरक (b) उपदेशात्मक
(c) यथार्थवादी (d) आदर्शवादी

**83.** फणीश्वरनाथ 'रेणु' से संबद्ध सही प्रदेश का नाम चुनिए—
(a) महाराष्ट्र (b) बिहार (c) हिमाचल (d) उत्तरांचल

**84.** विद्यापति की 'पदावली' की भाषा क्या है?
(a) मैथिली (b) ब्रजभाषा (c) भोजपुरी (d) मगही

**85.** ········· को 'उग्र' कहते हैं?
(a) रामेश्वर लाल दूबे (b) पाण्डेय बेचन शर्मा
(c) नरेश मेहता (d) अज्ञेय

**86.** बिहारी किस राजा के दरबारी कवि थे?
(a) महाराणा प्रताप (b) शिवाजी
(c) जय सिंह (d) तेज सिंह

**87.** 'शेष कादम्बरी' के रचयिता है?
(a) नरेश मेहता (b) हजारी प्रसाद द्विवेदी
(c) बाणभट्ट (d) अलका सरावगी

**88.** 'राग दरबारी' (उपन्यास) के रचयिता हैं?
(a) राही मासूम रजा (b) श्रीलाल शुक्ल
(c) हरिशंकर परसाई (d) शरद जोशी

**89.** 'पूस की रात' (कहानी) के रचनाकार हैं—
(a) प्रेमचन्द (b) शिवपूजन सहाय
(c) निराला (d) प्रसाद

**90.** 'ध्रुव स्वामिनी' (नाटक) के रचयिता हैं—
(a) राम कुमार वर्मा (b) राम वृक्ष बेनीपुरी
(c) जनशंकर प्रसाद (d) भारतेन्दु हरिश्चन्द्र

**91.** 'आत्मनिर्भरता' (निबंध) के रचनाकार हैं—
(a) महावीर प्रसाद द्विवेदी (b) बालकृष्ण भट्ट
(c) रामचन्द्र शुक्ल (d) भारतेन्दु हिरश्चन्द्र

**92.** 'गंगा छवि वर्णन' (कविता) के रचनाकार हैं—
(a) जयशंकर प्रसाद (b) मैथिलीशरण गुप्त
(c) भारतेन्दु हरश्चिन्द्र (d) हरिऔध

**93.** 'अनामदास का पोथा' (उपन्यास) के रचयिता हैं—
(a) माखन लाल चतुर्वेदी (b) सोहन लाल द्विवेदी
(c) हजारी प्रसाद द्विवेदी (d) महावीर प्रसाद द्विवेदी

**94.** 'भिक्षुक' (कविता) के रचयिता हैं—
(a) प्रसाद (b) पंत (c) महादेवी वर्मा (d) निराला

**95.** 'भ्रमरगीत' के रचयिता हैं—
(a) सूरदास (b) घनानन्द (c) विद्यापति (d) शिवसिंह

**96.** 'ईदगाह' (कहानी) के रचनाकार हैं—
(a) प्रेमचंद (b) अज्ञेय (c) प्रसाद (d) जैनेन्द्र

**97.** 'वीरों का कैसा हो वसंत' (कविता) के रचयिता हैं—
(a) केदारनाथ सिंह (b) सुभद्रा कुमारी चौहान
(c) अज्ञेय (d) धर्मवीर भारती

**98.** 'संदेश रासक' के रचयिता हैं—
(a) अमीर खुसरो (b) अब्दुर रहमान
(c) रसनिधि (d) रसलीन

**99.** 'साखी' के रचयिता हैं—
(a) रसखान (b) सूरदास
(c) कबीरदास (d) रहीम

**100.** मसि कागद छुयों नहीं कलम गही नहिं हाथ।
प्रस्तुत पंक्ति के रचयिता हैं—
(a) दादू दयाल (b) कबीरदास
(c) रैदास (d) सुन्दर दास

**101.** लोग हैं लागि कवित्त बनावत, मोहिं तो मेरे कवित्त बनावत।
प्रस्तुत पंक्ति के रचयिता हैं—
(a) केशवदास (b) घनानन्द
(c) भिक्षारी दास (d) पद्‌माकर

**102.** अभिधा उत्तम काव्य है, मध्य लक्षणा-लीन।
अधम व्यंजना रस-विरस, उलटी कहत प्रवीन।।
प्रस्तुत पंक्तियों के रचयिता हैं—
(a) भिखारी दास (b) बिहारी
(c) देव (d) चिन्तामणि

**103.** ले चल मुझे भुलावा देकर, मेरे नाविक धीरे-धीरे।
प्रस्तुत पंक्ति के रचयिता हैं—
(a) नरेन्द्र शर्मा (b) जयशंकर प्रसाद
(c) राम नरेश त्रिपाठी (d) सूर्यकांत त्रिपाठी 'निराला'

**104.** कविता का अंतिम लक्ष्य जगत् के मार्मिक पक्षों का प्रत्यक्षीकरण कर उनके साथ मनुष्य हृदय का सामंजस्य स्थापन है।
उपर्युक्त कथन किसका है?
(a) महावीर प्रसाद द्विवेदी (b) रामचन्द्र शुक्ल
(c) नगेन्द्र (d) जयशंकर प्रसाद

**105.** केवल मनोरंजन न कवि का कर्म होना चाहिए।
उसमें उचित उपदेश का भी मर्म होना चाहिए।।
प्रस्तुत पंक्तियों के रचयिता हैं—
(a) सुमित्रानंदन पंत (b) मैथिलीशरण गुप्त
(c) हरिऔध (d) भारतेन्दु हरिश्चन्द्र

**106.** बैर क्रोध का अचार या मुरब्बा है।
यह कथन किसका है—
(a) भारतेन्दु हरिश्चन्द्र (b) मुक्तिबोध
(c) रामचन्द्र शुक्ल (d) हजारी प्रसाद द्विवेदी

**107.** शब्दार्थों सहितं काव्यम्।
यह उक्ति किसकी है?
(a) मम्मट (b) भामह (c) कुन्तक (d) चिन्तामणि

**108.** ढाई अक्षर प्रेम के, पढ़ै सो पंडित होय।
प्रस्तुत पंक्ति के रचयिता हैं—
(a) मीराबाई (b) कबीर दास
(c) जायसी (d) जुलसी दास

**109.** 'वही मनुष्य है जो मनुष्य के लिए मरे' के रचयिता हैं—
(a) जगदीश गुप्त (b) बाल मुकुन्द गुप्त
(c) मैथिली शरण गुप्त (d) सियाराम शरण गुप्त

**110.** इनमें से कौन भक्ति काल का कवि नहीं हैं—
(a) नाभा दास (b) रसखान (c) नंद दास (d) अमीर खुसरो

**111.** बिहारी ने क्या लिखे?
(a) पद (b) दोहे (c) चौपाई (d) कवित्त

**112.** निम्नलिखित में से कौन-सा प्रबंध काव्य है?
(a) रामचरित मानस (b) आँसू
(c) एक कंठ विषपायी (d) बिहारी रत्नाकर

**113.** निम्नलिखित में किन्हें साहित्य अकादमी पुरस्कार मिला है?
(a) प्रेमचन्द (b) नामवर सिंह
(c) निराला (d) भारतेन्दु हरिश्चन्द्र

**114.** 'पृथ्वीराज रासो' किस काल की रचना है—
(a) आदि काल (b) रीति काल
(c) भक्ति काल (d) आधुनिक काल

**115.** निम्नलिखित में से कौन छायावादी कवि हैं?
(a) भारत भूषण अग्रवाल (b) तुलसीदास
(c) सुमित्रानंदन पंत (d) नागार्जुन

**116.** नामवर सिंह ने अधिकांश क्या लिखा है?
(a) कविता (b) कहानी (c) संस्मरण (d) आलोचना

**117.** 'आत्मजयी' के रचयिता हैं—
(a) श्रीकांत वर्मा (b) नरेश मेहता
(c) कुँवर नारायण (d) मुक्तिबोध

**118.** 'चाँद का मुँह टेढ़ा है' (काव्य) के रचयिता हैं—
(a) भारतेन्दु हरिश्चन्द्र (b) भवानी प्र० मिश्र
(c) गजानन माधव 'मुक्तिबोध' (d) गिरिजा कुमार माथुर

**119.** 'राम लला नहछू' के रचनाकार हैं—
(a) रत्नाकर (b) रैदास (c) तुलसीदास (d) घनानंद

**120.** 'आषाढ़ का एक दिन' (नाटक) के रचयिता हैं—
(a) सेठ गोविन्द दास (b) भीष्म साहनी
(c) मोहन राकेश (d) लक्ष्मी नारायण लाल

**121.** 'यामा' के रचयिता हैं—
(a) सुमित्रानंदन पंत (b) सुभद्रा कुमारी चौहान
(c) महादेवी वर्मा (d) मीराबाई

**122.** 'संसद से सड़क तक' (काव्य) के रचनाकार हैं—
(a) श्रीकांत वर्मा (b) सुदामा पांडेय 'घूमिल'

(c) अज्ञेय (d) रघुवीर सहाय

**123.** 'चीफ की दवात' (कहानी) के रचनाकार हैं—
(a) डॉ० देवराज (b) राजेन्द्र यादव
(c) भीष्म साहनी (d) दुष्यंत कुमार

**124.** 'सर्कस' (उपन्यास) के रचनाकार हैं—
(a) यशपाल (b) अमृत लाल नागर
(c) मन्नू भंडारी (d) संजीव

**125.** 'रंगभूमि' (उपन्यास) के रचनाकार हैं—
(a) राजेन्द्र यादव (b) रांगेय राघव
(c) प्रेमचंद (d) अमरकांत

**126.** प्रभुहि चितइ पुनि चितव महि, राजत लोचन लोल।
खेलत मनसिज मीन जुग, जनु बिधु मंडल डोल।।
प्रस्तुत पंक्तियों के रचयिता हैं—
(a) तुलसीदास (b) दादू
(c) कबीरदास (d) रहीम

**127.** प्रभुजी तुम चंदन हम पानी।
जाकी अंग-अंग बास समानी।।
प्रस्तुत पंक्तियों के रचयिता हैं—
(a) रैदास (b) मलूक दास (c) गुरु नानक (d) कबीर दास

**128.** जाकी रही भावना जैसी, प्रभु मूरत देखी तिन तैसी।
प्रस्तुत पंक्ति के रचयिता हैं—
(a) सूरदास (b) मीराबाई (c) तुलसीदास (d) गिरिधर

**129.** 'प्रेम पचीसी' (कहानी-संग्रह) के रचनाकार हैं—
(a) प्रेमचंद (b) जयशंकर प्रसाद
(c) अज्ञेय (d) यशपाल

**130.** ज्ञानपीठ पुरस्कार किस क्षेत्र में श्रेष्ठ कार्य के लिए दिया जाता है?
(a) सिनेमा (b) विज्ञान (c) समाज सेवा (d) साहित्य

**131.** 'प्रेमसागर' के लेखक कौन हैं?
(a) इंशा अल्ला खाँ (b) लल्लू लाल
(c) मुंशी प्रेमचन्द (d) मुंशी सदासुख लाल

**132.** तुलसीदासजी ने अपनी रचनाओं में किसका वर्णन किया हैं?
(a) शिव (b) कृष्ण (c) राम (d) विष्णु

**133.** 'त्यागपत्र' (उपन्यास) किसकी रचना है?
(a) प्रेमचंद (b) जैनेन्द्र कुमार (c) अज्ञेय (d) रेणु

**134.** ज्ञानपीठ पुरस्कार दिया जाता है—
(a) हिन्दी भाषा के प्रचार-प्रसार हेतु
(b) भारतीय लेखकों की आर्थिक सहायता हेतु
(c) भारतीय भाषा में साहित्यकारों के रचनात्मक लेखन हेतु
(d) इनमें से कोई नहीं

**135.** ज्ञानपीठ पुरस्कार पानेवाले हिन्दी के प्रथम साहित्यकार हैं—
(a) सुमित्रानंदन पंत (b) रामधारी सिंह दिनकर
(c) अज्ञेय (d) महादेवी वर्मा

**136.** 'विनयपत्रिका' के रचयिता का नाम है—
(a) सूरदास (b) कबीरदास (c) तुलसीदास (d) केशवदास

**137.** 'मानस का हंस' के लेखक का नाम है—
(a) जयशंकर प्रसाद (b) प्रेमचंद
(c) महावीर प्रसाद द्विवेदी (d) अमृत लाल नागर

**138.** 'मजदूरी और प्रेम' (निबंध) के रचनाकार हैं—
(a) सरदार पूर्ण सिंह (b) बालकृष्ण भट्ट
(c) प्रताप नारायण मिश्र (d) रामचन्द्र शुक्ल

**139.** 'कलम का सिपाही' क्या है।
(a) आत्म कथा (b) रेखाचित्र
(c) संस्मरण (d) जीवनी

**140.** दु:ख ही जीवन की कथा रही।
क्या कहूँ आज जो नहीं कही।।
प्रस्तुत पंक्तियों के रचयिता का नाम है—
(a) महादेवी वर्मा (b) जयशंकर प्रसाद
(c) सुमित्रानंदन पंत (d) सूर्यकांत त्रिपाठी 'निराला'

**141.** हिन्दी की पहली कहानी लेखिका का नाम है—
(a) बंग महिला (b) सत्यवती
(c) चन्द्र किरन (d) चन्द्रकांता

**142.** खड़ी बोली के सर्वप्रथम लोकप्रिय कवि कौन माने जाते हैं?
(a) रामधारी सिंह 'दिनकर' (b) सूर्यकांत त्रिपाठी (निराला)
(c) मैथिली शरण गुप्त
(d) अयोध्या सिंह उपाध्याय 'हरिऔध'

**143.** फणीश्वर नाथ 'रेणु' किसके लेखक हैं?
(a) गबन (b) गीतांजलि
(c) मैला आँचल (d) कामायनी

**144.** 'गोदान' किसकी कृति है?
(a) फणीश्वर नाथ 'रेणु' (b) प्रेमचंद
(c) अज्ञेय (d) जयशंकर प्रसाद

**145.** 'कस्तूरी कुंडल बसै' आत्मकथा है—
(a) शीला झुनझुनवाला की (b) मैत्रेयी पुष्पा की
(c) कुसुम अंचल की (d) गोपाल प्रसाद व्यास की

**146.** 'चरणदास चोर' किसकी नाट्य कृति है?
(a) मुद्राराक्षस (b) बलराज पंडित
(c) हबीब तनवीर (d) नाग बोडस

**147.** भूसन बिनु न विराजई कविता वनिता मित्त। यह कथन किसका है?
(a) तुलसीदास (b) भिखारी दास
(c) केशवदास (d) मतिराम

**148.** ज्ञानमार्गी शाखा के कवियों को किस नाम से पुकारा जाता है?
(a) सिद्ध कवि (b) नाथपंथी कवि
(c) भक्त कवि (d) संत कवि

**149.** इन मुसलमान हरिजनन पर कोटिक हिन्दुन वारिए
यह कथन किसका है?
(a) रसखान का (b) भारतेन्दु हरिश्चन्द्र का
(c) परशुराम चतुर्वेदी का (d) सूर्यकांत त्रिपाठी 'निराला' का

**150.** 'अपभ्रंश का वाल्मीकि' किसे कहा जाता है?
(a) पुष्पदंत को (b) धनपाल को
(c) शालिभद्र सूरि को (d) स्वयंभू को

**151.** चंदबरदाई किसके दरबारी कवि थे?
(a) महाराज हम्मीर के (b) महाराज बीसल देव के
(c) महाराणा प्रताप के (d) पृथ्वीराज चौहान के

**152.** मलिक मुहम्मद जायसी को 'जायसी' कहा जाता है क्योंकि वे—
(a) जायस गोत्र में पैदा हुए थे (b) जायस मत को माननेवाले थे
(c) जायस नामक स्थान के निवासी थे
(d) इनमें से कोई नहीं

**153.** रीतिकाल का वह कौन-सा कवि है, जो अपनी मात्र एक कृति से हिन्दी साहित्य में अमर हो गया?
(a) रहीम (b) मतिराम (c) बिहारी (d) देव

**154.** 'कठिन काव्य का प्रेत' किस कवि को कहा जाता हैं?
(a) सेनापति को (b) चिन्तामणि को
(c) मतिराम को (d) केशवदास को

**155.** 'द्विवेदी युग' का नामकरण किसके नाम पर हुआ है?
(a) शांतिप्रिय द्विवेदी (b) महावीर प्रसाद द्विवेदी
(c) हजारी प्रसाद द्विवेदी (d) राम अवध द्विवेदी

**156.** 'हिन्दी प्रदीप' के यशस्वी संपादक का नाम है—
(a) राधा कृष्ण गोस्वामी (b) बाल कृष्ण भट्ट
(c) अम्बिका दत्त व्यास (d) लाल भगवानदीन

**157.** निम्नलिखित में कौन 'सरस्वती' पत्रिका के संपादक नहीं रहे हैं?
(a) श्याम सुन्दर दास (b) महावीर प्रसाद द्विवेदी
(c) श्री नारायण चतुर्वेदी (d) शांति प्रिय द्विवेदी

**158.** 'उसने कहा था' के मुख्य पात्र का नाम है—
(a) खालसा सिंह (b) करतार सिंह
(c) लहना सिंह (d) परमिंदर सिंह

**159.** निम्नलिखित में से कौन-सा नाटक प्रसाद का नहीं है?
(a) जनमेजय का नागयज्ञ (b) स्कंदगुप्त
(c) ध्रुवस्वामिनी (d) सिन्दूर की होली

**160.** हिन्दी साहित्य के आधुनिक काल को इस नाम से भी अभिहित किया जाता है—
(a) जीवनी काल (b) पद्य काल
(c) संस्मरण काल (d) गद्य काल

**161.** हिन्दी साहित्य में प्रयोगवाद के प्रवर्तक का नाम है—
(a) निराला (b) अज्ञेय
(c) पंत (d) जयशंकर प्रसाद

**162.** 'मृगनयनी' उपन्यास के रचनाकार हैं—
(a) उपेन्द्र नाथ अश्क (b) यशपाल
(c) जैनेन्द्र कुमार (d) वृन्दावन लाल वर्मा

**163.** जायसी किस धारा के कवि हैं—
(a) ज्ञानमार्गी काव्यधारा (b) प्रेमाख्यानक काव्यधारा
(c) नाथपंथी काव्यधारा (d) रासक काव्य धारा

**164.** निम्नलिखित में से कौन-सी पुस्तक प्रेमचन्द द्वारा लिखित नहीं है?
(a) कायाकल्प (b) जय पराजय
(c) रंगभूमि (d) प्रेमाश्रम

**165.** 'कितने पाकिस्तान' नामक उपन्यास के लेखक हैं—
(a) राजेन्द्र कुमार (b) कमलेश्वर
(c) सत्य प्रकाश मिश्र (d) खुशवन्त सिंह

**166.** 'मैथिल कोकिल' किसे कहा जाता है?
(a) विद्यापति (b) अमीर खुसरो
(c) चंदबरदाई (d) हेमचन्द्र

**167.** 'प्रकृति के सुकुमार कवि' किसे कहा जाता है?
(a) जयशंकर प्रसाद (b) सुमित्रानंदन पंत
(c) महादेवी वर्मा (d) निराला

**168.** 'एक भारतीय आत्मा' किसे कहा जाता है?
(a) जयशंकर प्रसाद (b) माखनलाल चतुर्वेदी
(c) रामधारी सिंह दिनकर (d) सुमित्रानंदन पंत

**169.** 'कथा सम्राट' किसे कहा जाता है?
(a) प्रेमचंद (b) जैनेन्द्र कुमार
(c) अज्ञेय (d) फणीश्वरनाथ 'रेणु'

**170.** बाल चित्रण में कौन-सा कवि श्रेष्ठ है?
(a) रसखान (b) मीराबाई (c) सूरदास (d) कबीरदास

**171.** निम्नांकित प्रश्न में दी गई रचना के रचनाकार के सही विकल्प का चयन कीजिए
उर्वशी
(a) रामधारी सिंह 'दिनकर' (b) सुमित्रानंदन पंत
(c) निराला (d) अज्ञेय

## J उत्तरमाला

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. (c) | 2. (b) | 3. (a) | 4. (b) | 5. (c) | 6. (a) | 7. (c) | 8. (b) | 9. (c) | 10. (b) |
| 11. (d) | 12. (a) | 13. (c) | 14. (a) | 15. (c) | 16. (b) | 17. (b) | 18. (d) | 19. (c) | 20. (c) |
| 21. (c) | 22. (c) | 23. (a) | 24. (a) | 25. (a) | 26. (c) | 27. (d) | 28. (a) | 29. (b) | 30. (a) |
| 31. (c) | 32. (b) | 33. (b) | 34. (d) | 35. (c) | 36. (c) | 37. (d) | 38. (d) | 39. (d) | 40. (d) |
| 41. (c) | 42. (a) | 43. (d) | 44. (c) | 45. (c) | 46. (c) | 47. (c) | 48. (b) | 49. (c) | 50. (a) |
| 51. (d) | 52. (d) | 53. (d) | 54. (b) | 55. (c) | 56. (d) | 57. (b) | 58. (b) | 59. (b) | 60. (a) |
| 61. (d) | 62. (a) | 63. (b) | 64. (d) | 65. (c) | 66. (c) | 67. (c) | 68. (d) | 69. (d) | 70. (a) |
| 71. (c) | 72. (b) | 73. (b) | 74. (c) | 75. (d) | 76. (b) | 77. (d) | 78. (c) | 79. (a) | 80. (c) |
| 81. (b) | 82. (c) | 83. (b) | 84. (a) | 85. (b) | 86. (c) | 87. (d) | 88. (b) | 89. (a) | 90. (c) |
| 91. (b) | 92. (c) | 93. (c) | 94. (d) | 95. (a) | 96. (a) | 97. (b) | 98. (b) | 99. (c) | 100. (b) |
| 101. (b) | 102. (c) | 103. (b) | 104. (b) | 105. (b) | 106. (c) | 107. (b) | 108. (b) | 109. (c) | 110. (d) |
| 111. (b) | 112. (a) | 113. (b) | 114. (a) | 115. (c) | 116. (d) | 117. (c) | 118. (c) | 119. (c) | 120. (c) |
| 121. (c) | 122. (b) | 123. (c) | 124. (d) | 125. (c) | 126. (a) | 127. (a) | 128. (c) | 129. (a) | 130. (d) |
| 131. (b) | 132. (c) | 133. (b) | 134. (c) | 135. (a) | 136. (c) | 137. (d) | 138. (a) | 139. (d) | 140. (d) |
| 141. (a) | 142. (d) | 143. (c) | 144. (b) | 145. (b) | 146. (c) | 147. (c) | 148. (d) | 149. (b) | 150. (d) |
| 151. (d) | 152. (c) | 153. (c) | 154. (d) | 155. (b) | 156. (b) | 157. (d) | 158. (c) | 159. (d) | 160. (d) |
| 161. (b) | 162. (d) | 163. (b) | 164. (b) | 165. (b) | 166. (a) | 167. (b) | 168. (b) | 169. (a) | 170. (c) |
| 171. (a) | | | | | | | | | |

Gupta Classes